प्रव्रज्या योग विधि

संपादक

उपाध्याय मणिप्रभसागर

प्रव्रज्या योग विधि

[छोटी दीक्षा व बड़ी दीक्षा योग विधि]

– संपादन –

परम पूज्य गुरूदेव प्रज्ञा पुरुष

आचार्य श्री जिनकान्तिसागरसूरीश्वरजी म.सा.

के शिष्य

पूज्य उपाध्याय श्री मणिप्रभसागरजी म.सा.

प्रथम संस्करण
पयुर्षण पर्व, वि.सं. 2062

1000 प्रतियाँ

मूल्य
25 रूपये

प्रकाशक एवं प्राप्ति स्थान
रतनमालाश्री प्रकाशन
श्री जिनकान्तिसागरसूरि स्मारक ट्रस्ट
जहाज मन्दिर
मांडवला–343042, जिला–जालोर (राज.)
फोन- 02973–256338 / 256107

मुद्रक
श्लोमो ग्राफिक्स, दिल्ली



परमात्मा श्री विमलनाथ

मूलनायक, बसवनगुडी दादाबाड़ी

दादागुरुदेव श्री जिनकुशलसूरि

मूलनायक, बसवनगुडी दादाबाड़ी

परम पूज्य गुरूदेव आचार्य श्री
जिनकान्तिसागरसूरीश्वर जी म.सा.



पूज्य उपाध्याय श्री
मणिप्रभसागरजी म.सा.



पूज्य माताजी म.
श्री रतनमाला श्री जी म.सा.

पूज्य बहिन म.
श्री विद्युत्प्रभा श्री जी म.सा.

पूज्य गुरूदेव प्रज्ञापुरूष आचार्यदेव
स्व. श्री जिनकान्तिसागरसूरीश्वरजी म.सा. के शिष्य
पूज्य गुरूदेव उपाध्याय प्रवर श्री मणिप्रभसागरजी म.सा.
की पावन प्रेरणा से

श्रीमती नेमीबाई सरदारमलजी संकलेचा
के ५वें वर्षीतप के उपलक्ष्य में
श्रीमती नेमीबाई सरदारमलजी
गजेन्द्रकुमार-सरोजादेवी ० धर्मेन्द्रकुमार-संगीतादेवी
दिनेश नीलेश वरूण कुणाल बेटा पोता सरदारमलजी देवीचंदजी संकलेचा
जोधपुर निवासी हाल बैंगलोर द्वारा अर्थ सहयोग प्रदत्त

भूमिका

खरतरगच्छ परम्परानुसार दीक्षा, बड़ी दीक्षा विधि की यह आवश्यक पुस्तक प्रस्तुत करते समय हर्ष होना स्वाभाविक है।

पिछले काफी लम्बे समय से ऐसी पुस्तक की अतीव आवश्यकता प्रतीत हो रही थी। खरतरगच्छीय परम्परानुसार दीक्षा विधि का प्रकाशन पूर्व में हुआ था परन्तु बड़ी दीक्षा विधि का प्रकाशन अद्यावधि हुआ नहीं है। हस्तलिखित प्रतियों के आधार पर ही बड़ी दीक्षा कराने की परम्परा चल रही है।

पूज्य गुरूदेव आचार्य भगवन्त स्व. श्रीमज्जिनकान्तिसागरसूरीश्वर जी म. सा. ने बड़ी दीक्षा योगोद्वहन विधि की कई प्रतियाँ हस्तलिपिकारों से लिखवाई थी, वे आज भी 'श्री जिनहरिसागरसूरि ज्ञान भंडार लोहावट पालीताणा' में सुरक्षित हैं। गुरूदेव श्री हस्तलिखित प्रतियों के आधार पर ही योगोद्वहन कराते थे।

पूर्व में खरतरगच्छ की परम्परा में बड़ी दीक्षा के योगोद्वहन आचार्य श्री या गणनायक के सानिध्य में ही संपन्न होते थे। बड़ी दीक्षा का अधिकार आचार्यश्री या गणनायक के अलावा और किसी को भी नहीं था। प्रव्रज्या कोई भी दे सकता था परन्तु उपस्थापना तो आचार्य ही करते थे।

पूज्य गुरूदेव आचार्य श्री बताते थे कि पूज्य आचार्य श्री जिनहरिसागरसूरि जी म.सा. तक उपस्थापना का अधिकार उनके पास ही था। उसके बाद कारणवश परम्परा में परिवर्तन हुआ और यह परम्परा बनी कि जो पर्याय स्थविर हो, वह आचार्य अथवा गणनायक की अनुज्ञा से उपस्थापना कर सकता है।

शास्त्र अपेक्षा से तो जिसने महानिशीथ सूत्र तक के योगोद्वहन किये हों, वही बड़ी दीक्षा, उपधान आदि विधि विधान कराने का अधिकारी होता है।

योगोद्वहन पर सबसे ज्यादा जोर खरतरगच्छ परम्परा का रहा है। विधि प्रपा,

आचार दिनकर, समाचारी शतक आदि कितने ही ग्रन्थों में शास्त्र पाठों के आधार पर योगोद्वहन की सिद्धि की है। योगोद्वहन की जो विधियाँ प्रचलित हैं, उनमें सर्वाधिक प्राचीन ग्रन्थ खरतरगच्छ के ही मिलते हैं।

हमारे पालीताणा के हस्तलिखित भण्डार 'श्री जिनहरिसागरसूरि ज्ञान भंडार, लोहावट' में साधु समाचारी संबंधी प्रचुर सामग्री संग्रहित है। उसमें एक प्रपत्र है जो वि.सं. 1633 चैत्र वदि 5 को लिखा गया है। उसकी प्रशस्ति में लिखा है–

तथा स्वस्तिश्रीमन्नृपविक्रमसमयातीत संवत् 1606 वर्षे श्री आषाढ़ चतुर्मासे श्री विक्रमनगरे सुविहित शिरोमणि श्री खरतरगच्छे भट्टा. श्री जिनमाणिक्यसूरि विजयराज्ये उपाध्याय श्री कनकतिलक, वाचनाचार्य श्री भावहर्षगणि तथा गणि श्री शुभवर्धन पंडित श्री मेघकलश समस्त..... ..... श्री खरतरगच्छइ ऋषीश्वरनी बांधणीए कीधी छइ स्थिति मर्यादा लोपइ ते गच्छ बाहिरि।

अर्थात् वि.सं. 1606 आषाढ़ चातुर्मास में आचार्य श्री जिनमाणिक्यसूरि ने गच्छ मर्यादा बनाई। इस मर्यादा पत्र में कुल 54 बोल लिखे गये। इसका बोल नं. 16 व 26 योगोद्वहन के संबंध में हैं।

बोल 16– **छमासि गणियोग पाखइ माला उपधान दीक्षादिक न करिवा।**

बोल 26– **तप वहूया पाखइ सिद्धांत वांचिवउ नहीं।**

इन दो बोलों से खरतरगच्छ की सुविशुद्ध परम्परा का बोध होता है। छह मास के गणियोग अर्थात् भगवती के योग जिसने किये हों, वही मालारोपण, उपधान, दीक्षा–बड़ी दीक्षा आदि करा सकता है। योगोद्वहन किये बिना शास्त्र पढने का निषेध किया गया है।

प्रस्तुत पुस्तक में बड़ी दीक्षा की विधि के साथ बड़ी दीक्षा के समय जो जरूरी योगोद्वहन कराये जाते हैं, उसकी विधि विस्तार से आलेखित है।

बड़ी दीक्षा के संदर्भ में शास्त्र मान्यता और वर्तमान परम्परा में काफी भेद पाया जाता है। आचार दिनकर में आचार्य वर्धमानसूरि का कथन है–

प्रथमं नन्दिविधियुक्तं आवश्यकदशवैकालिकयोगोद्वहनं विवध्यात्। ततश्च मण्डलीप्रवेशयोगोद्वहनान्तराले अध्ययनत्रयाचाम्लत्रये नन्दिरूत्था-पनाख्या विधेया।

– आवश्यक एवं दशवैकालिक योग होने के बाद मांडलिक योगों में

प्रवेश करना चाहिये। मांडलिक योगों के बीच में तीन आचाम्ल के द्वारा तीन अध्ययन का योग होने के बाद बड़ी दीक्षा की नंदी करके उत्थापना करना चाहिये।

विधि मार्गप्रपा में आचार्य जिनप्रभसूरि सर्वप्रथम आवश्यक योग करने का विधान बताते हैं। उसके बाद मांडलिक योग करने चाहिये और तत्पश्चात् दशवैकालिक योग करने के बाद बड़ी दीक्षा देनी चाहिये–

तत्तो य आवस्सगतवं कारिज्जइ। मंडलिसत्तगायंबिलाणि य। मंडलिसत्तगं च इमं।..... तओ दसवेयालियतवं कारित्ता उट्ठावणा कीरइ। .... धम्मोमंगलाइ–छज्जीवणियासुत्तं पाढित्ता, तस्सेव अत्थं कहित्ता, पुढविकायाइजीवरक्खणविहिं जाणावित्ता, पाणाइवाय विरमणाईणि वयाणि सभावणाइं साइयाराणि कहिय.....।

– तब आवश्यक योग का तप करे। फिर मांडलिक योग के सात आयंबिल करें। तत्पश्चात् दशवैकालिक योग का तप करके उपस्थापना अर्थात् बड़ी दीक्षा करें। धम्मो मंगल के प्रथम अध्ययन से लेकर छज्जीवणिया चतुर्थ अध्ययन पर्यन्त पढाकर, उसका अर्थ बतलाकर, पृथ्वीकायादि जीव रक्षण विधि समझा कर, प्राणातिपात विरमण आदि व्रत भावना व अतिचार सहित बताकर.. फिर बड़ी दीक्षा प्रदान करें, जिसकी विधि इस प्रकार है....।

इस संबंध में तपागच्छ की परम्परा कुछ भिन्न जान पड़ती है। सेन प्रश्न के 470 वें प्रश्नोत्तर में बड़ी दीक्षा होने के बाद मांडलिक योग कराये जाने का उल्लेख है। उन्होंने जोर देकर लिखा है कि दशवैकालिक योग हो जाने पर भी बड़ी दीक्षा हुए बिना मांडलिक योग के सात आयंबिल नहीं कराये जा सकते। उन्होंने इस हेतु योगविधि के प्रमाण का उल्लेख किया है।

आचार दिनकर में दशवैकालिक के अध्ययन के प्रति बहुत ही अधिक जोर दिया है–

प्रज्ञाहीनस्यापि दशवैकालिकाध्ययनचतुष्क-पाठमन्तरेण नोत्थापना।

अर्थात् अल्पबुद्धि वाले को भी दशवैकालिक सूत्र के चार अध्ययन पढ़े बिना उत्थापना अर्थात् बड़ी दीक्षा नहीं दी जा सकती है।

पूर्व में आचारांग का अध्ययन करके ही बड़ी दीक्षा दी जाती थी। दशवैकालिक सूत्र की रचना के बाद आचारांग की अपेक्षा सरल, सुबोध संकलन होने से दशवैकालिक सूत्र को महत्व मिला और उपस्थापना के लिये आचारांग के स्थान पर इसका अध्ययन अनिवार्य कर दिया गया।

इस तथ्य का प्रमाण व्यवहार भाष्य के तीसरे उद्देशक की 174वीं गाथा प्रस्तुत करती है–

पुव्वं सत्थपरिण्णा, अधीयपढियाइ होउ उवट्ठवणा।
इण्हिं छज्जीवणया किं सा उ न होउ उवट्ठवणा॥174॥

इस गाथा की टीका करते हुए आचार्य मलयगिरि फरमाते हैं–

पूर्वं शस्त्रपरिज्ञायामाचारांगान्तर्गतायामर्थतो ज्ञातायां पठितायां सूत्रतः उपस्थापना अभूत्। इदानीं पुनः सा उपस्थापना किं षट्जीवनिकायां दशवैकालिकान्तर्गतायामधीतायां पठितायां च न भवत्येवेत्यर्थः॥

– अर्थात् पूर्व में आचारांग सूत्र के प्रथम श्रुतस्कंध के प्रथम अध्ययन शस्त्र परिज्ञा अर्थ सहित पढने पर उपस्थापना अर्थात् बड़ी दीक्षा प्रदान की जाती थी। किन्तु अभी दशवैकालिक सूत्र के षट्जीवनिकाय अध्ययन पढकर उपस्थापना अर्थात् बड़ी दीक्षा प्रदान की जाती है।

इन शास्त्र प्रमाणों से यह स्पष्ट है कि आवश्यक सूत्र एवं दशवैकालिक सूत्र के योगोद्वहन किये बिना बड़ी दीक्षा हो ही नहीं सकती। परन्तु वर्तमान में खरतरगच्छ की परम्परा में दशवैकालिक सूत्र के योगोद्वहन का बड़ी दीक्षा के साथ कोई संबंध नहीं रहा है। बड़ी दीक्षा हेतु आवश्यक योगोद्वहन को ही अनिवार्य माना जाता है। मांडलिक योग सांभोगिक व्यवहार के लिये कराये जाते हैं।

इसमें भी समय समय पर सुविधानुसार परिवर्तन किये गये हैं। शास्त्रों के अनुसार तो आवश्यक योग के 8 दिन तथा दशवैकालिक के 15 दिन अर्थात् 23 दिन के योगोद्वहन होने पर ही बड़ी दीक्षा होनी चाहिये। परन्तु वर्तमान में कई साधु साध्वियों की लघु दीक्षा होते ही तीसरे दिन बड़ी दीक्षा करा दी जाती है तथा बाद में योगोद्वहन चलता रहता है। यह सिद्धान्त विरुद्ध भी है और परम्परा विरुद्ध भी!

कभी कभार किसी गीतार्थ आचार्य ने अपवाद स्वरूप मलमास आदि लगने के कारण, मुहूर्त्त न आने की स्थिति में परिस्थितिवश अपरिहार्य कारणों से जल्दी में बड़ी दीक्षा करा भी दी हो, तो भी वह परम्परा नहीं बन सकती।

उसमें भी आवश्यक योग तो अनिवार्य है ही। विधानानुसार जल्दी से जल्दी अपवाद स्वरूप दशवैकालिक योगोद्वहन से पूर्व आवश्यक योग पूर्ण होने पर अर्थात् 9वें दिन बड़ी दीक्षा हो सकती है।

तपागच्छ के एतद्विषयक ग्रन्थों में जल्दी से जल्दी 13वें दिन बड़ी दीक्षा

कराने का विधान है। आवश्यक एवं दशवैकालिक योगोद्वहन होने के बाद किसी कारणवश बड़ी दीक्षा नहीं हो पाई हो तो योगोद्वहन से बाहर आने के बाद छह माह के अन्दर अन्दर बड़ी दीक्षा अनिवार्य होती है। यदि छह महिने में बड़ी दीक्षा नहीं हो पाती तो योगोद्वहन पुनः करने होते हैं।

विधिमार्गप्रपा में इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार उपलब्ध होता है–

उट्ठावणा जहन्नओ सत्तराइंदिएहिं, सा पुण पुव्वोवट्ठावियपुराणस्स कीरइ। मज्झिमओ चउहिं मासेहिं, सा य अणहिज्जओ मंदसद्धस्स य। उक्कोसओ छम्मासेहिं, सा य दुम्मेहस्स।

अर्थात् जघन्य से सात दिन के बाद उपस्थापना हो सकती है। लेकिन इतनी शीघ्र उपस्थापना उसी की हो सकती है, जो पूर्व में उपस्थापित हो और कारणवश उसकी पुनः उपस्थापना करनी पडी हो। मध्यम से चार मास में उपस्थापना होती है। यह सामान्यबुद्धि वाले साधुओं के लिये हैं। जो अत्यन्त मंदबुद्धि हो, उनकी उपस्थापना उत्कृष्ट से छह मास में होती है।

योग तप

आवश्यक एवं दशवैकालिक सूत्र के तप के संदर्भ में भी परम्परा भेद पाया जाता है। विधि मार्ग प्रपा में सूत्र के उद्देश, समुद्देश एवं अनुज्ञा के दिन आयंबिल करने का विधान बताया गया है, शेष दिनों में निर्विकृतिक करनी चाहिये। यह विधान भगवती, प्रश्नव्याकरण एवं महानिशीथ को छोडकर हर सूत्र के योग में लागू होता है।

– सुयक्खंधस्स अंगस्स य उद्देसे समुद्देसे अणुण्णाए य आयंबिलं। अन्नदिणेसु निव्वीयं। एवं सव्वेजोगेसु नेयं, भगवई–पण्हावागरण–महानिसीहवज्जं। अन्नसामायारीसु पुण निव्वियंतरियाणि आयंबिलाणि चेव कीरंति।

आचार्य जिनप्रभसूरि ने विधि मार्गप्रपा अन्य समाचारी का वर्णन करते हुए ये भी लिखा है कि अन्यत्र एकान्तर आयंबिल और निर्विकृतिक से भी योगोद्वहन होते हैं।

आचार दिनकर में आचार्य वर्धमानसूरि ने एकान्तर आयंबिल और निर्विकृतिक तप से योगोद्वहन करने का लिखा है।

–आचार दिनकर, प्रथम विभाग, पत्र 92/93

वर्तमान में खरतरगच्छ की परम्परा में विधिमार्गप्रपा के आधार पर तपोविधि कराई जाती है। सूत्र के उद्देश, समुद्देश एवं अनुज्ञा के दिन आयंबिल

कराया जाता है तथा उस सूत्र के अध्ययनादि के उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा आदि के दिन निर्विकृतिक तप कराया जाता है।

दीक्षा विधि

बड़ी दीक्षा की विधियाँ तो प्राय: एक सी हैं। खरतरगच्छ की सभी परम्पराओं में एक जैसी विधि प्रचलित है। परन्तु छोटी दीक्षा की विधि में छोटे छोटे समाचारी भेद नजर आते हैं।

लघु दीक्षा विधि में आचार दिनकर का यह उल्लेख जानने योग्य है कि पहले तीन बार सम्यक्त्व सामायिक दंडक उच्चराया जाता है। फिर देशविरति सामायिक दंडक तीन बार उच्चराया जाता है फिर उसे सर्वविरति सामायिक दंडक तीन बार उच्चराया जाता है–

ततश्चिर्नमस्कारं पठित्वा गुरूणा सह शिष्य: सम्यक्त्व सामायिकदण्डकं त्रिरूच्चरति पुनस्तयैव युक्त्या देशविरति सामायिकदण्डकं त्रिरूच्चरति पुनस्तयैव युक्त्या सर्वविरति सामायिकदण्डकं त्रिरूच्चरति।

वर्तमान में यह परम्परा नहीं है। वर्तमान में पूर्व में यदि दीक्षार्थी ने विधि पूर्वक सम्यक्त्व आरोपण विधि नहीं की है तथा सम्यक्त्व नहीं उच्चरा है तो उसे तीन बार सम्यक्त्व सामायिक दंडक उच्चरा करके सर्वविरति दंडक उच्चराया जाता है। परन्तु देशविरति सामायिक दंडक उच्चराने का विधान तो और किसी भी ग्रन्थ में नहीं है। विधि मार्गप्रपा, समाचारी शतक आदि समाचारी विधि ग्रन्थों में देशविरति सामायिक दंडक उच्चराने का कोई उल्लेख नहीं मिलता। वर्तमान में परम्परा भी यही है कि देशविरति सामायिक दंडक नहीं उच्चराया जाता।

दीक्षा विधि के प्रारंभ में वैरागी भाई बहिन की परीक्षा लेने का विधान विधिप्रपादि ग्रन्थों में देखा जाता है। उसकी विधि इस प्रकार की जाती है कि दीक्षार्थी भाई या बहिन को परमात्मा के समवशरण के आगे खडा किया जाता है। फिर उसकी आँखों पर पट्टी बांध दी जाती है। फिर उसके दोनों हाथों में चावल अर्पण कर उसे कहा जाता है कि वह चावलों को ठीक भगवान् पर उछालें। यदि चावल नंदी में अर्थात् समवशरण में गिरते हैं तो उसे योग्य माना जाता है। और यदि चावल बाहर गिरते हैं तो उसे अयोग्य माना जाता है।

हाँलाकि शास्त्रों में यह विधि है, परन्तु यह तर्कसंगत प्रतीत नहीं होती और

कभी निशाना ख्याल नहीं रख पाने के कारण यदि चावल बाहर गिरते हैं तो लोगों के सामने हँसी होती है। मन में वहम भी रह जाता है। दीक्षार्थी भी हीनभावों से भर जाता है। इस कारण वर्तमान में हम यह विधि नहीं कराते हैं। तब कई पुराने लोगों द्वारा कहा भी जाता है कि महाराज! यह विधि क्यों नहीं कराते! हकीकत में नहीं कराने का विधान भी शास्त्र आधारित ही है। विधिमार्गप्रपा का यह विधान द्रष्टव्य है–

जे पुण परंपरागयसावयकुलप्पसूया तेसिं परिक्खाकरणे न नियमो।

अर्थात् जो परंपरागत श्रावक कुल में जन्मा है, उसके लिये परीक्षा का नियम नहीं है।

देववंदन की विधि में चार स्तुति के बाद वर्तमान में णमुत्थुणं बोलकर श्री शान्तिनाथ देवाधिदेव की आराधना का कायोत्सर्ग किया जाता है। जबकि आचार दिनकर में चार स्तुति के बाद सीधे शान्तिनाथ प्रभु का कायोत्सर्ग करने का लिखा है। णमुत्थुणं करने का उल्लेख नहीं है। यह कायोत्सर्ग भी वर्तमान में एक नवकार का कराया जाता है, जबकि आचार दिनकर में 27 श्वासोच्छ्वास अर्थात् सागरवरगंभीरा तक एक लोगस्स या चार नवकार का विधान है।

आचार दिनकर में दीक्षा विधि की पूर्णता के बाद धर्मोपदेश का विधान किया है, और तत्पश्चात् सर्वविरति सामायिक आरोपण का चार लोगस्स का कायोत्सर्ग करने का विधान है।

ततः सर्वविरति सामायिकारोवणिअं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ....। कायोत्सर्गं चतुर्विंशतिस्तवचतुष्टयचिन्तनं पारयित्वा.....।

–आचार दिनकर भाग प्रथम पत्र 78

यह कायोत्सर्ग वर्तमान परम्परा में नामकरण से पूर्व एक लोगस्स का ही कराया जाता है। विधि मार्ग प्रपा तथा समाचारी शतक में आरोपण निमित्त एक लोगस्स के कायोत्सर्ग का ही विधान है तथा यह कायोत्सर्ग नामकरण, स्थिरीकरण के पूर्व ही कराने का उल्लेख है।

आचार दिनकर में दीक्षा विधि में थिरीकरणत्थं का कायोत्सर्ग करने के बाद शक्रस्तव बोलने का विधान है। यह विधान विधिमार्गप्रपा आदि अन्य ग्रन्थों में नहीं है। वर्तमान में परम्परा में भी नहीं है। इसी प्रकार दिग्बंध से पूर्व शिष्य को चाहिये कि वह गुरू महाराज की तीन प्रदक्षिणा देते हुए वंदना करें, साथ ही

यथायोग्य अन्य साधुओं को भी वंदना करें–

ततः शिष्यो गुरूं त्रिप्रदक्षिणीकृत्य वन्दते यथार्हमन्यसाधूनपि।

विधिमार्गप्रपादि ग्रन्थों में दिग्बंध से पूर्व ही वंदना करने का विधान है परन्तु गुरू महाराज की तीन प्रदक्षिणा देने का विधान नहीं है।

नामकरण के समय साधु साध्वी शिष्य पर वासक्षेप डालते हैं जबकि श्रावक श्राविका अक्षतों से बधाते हैं परन्तु आचार दिनकर में लिखा है कि साधु ही वासक्षेप डालने का अधिकारी है। साध्वीजी म., श्रावक एवं श्राविकाएं अभिमंत्रित अक्षत डालें–

ततो गुरूः साधूनां करे अभिमन्त्रितवासान् ददाति साध्वी श्रावक-श्राविकाणां करेऽभिमन्त्रिताक्षतांश्च।

विधिमार्गप्रपा में यह वर्णन अस्पष्ट है–

संघो य तस्स सिरे वासअक्खयनिक्खेवं करेइ।

अर्थात् संघ उसके सिर पर वास एवं अक्षत का निक्षेप करें। यहाँ संघ से तात्पर्य साधु, साध्वी, श्रावक, श्राविका है। इसमें यह स्पष्ट नहीं है कि कौन वासक्षेप करें और कौन अक्षतक्षेप करें।

विधि मार्गप्रपा के पवज्जाविही नामक सोलहवें प्रकरण में दीक्षाविधि की पूर्णता के पश्चात् जो धर्मोपदेश दिया जाता है, उस संदर्भ में **चत्तारि परमंगाणि.** यह गाथा देकर उत्तराध्ययन सूत्र का तीसरा चाउरंगिज्जं, अथवा पवज्जा विहाणं अथवा जयं चरे जयं चिट्ठे. का उपदेश दिये जाने का उल्लेख किया है।

इच्चाइ उत्तरज्झयणाणं तइयज्झयणं चाउरंगिज्जं वक्खाणइ। पवज्जाविहाणं वा। जयं चरे जयं चिट्ठे इच्चाइयं वा।

समाचारी शतक में महोपाध्याय श्री समयसुंदरजी महाराज ने भी इसे पुष्ट किया है। जबकि आचार दिनकर के अनुसार दशवैकालिक सूत्र का तीसरा क्षुल्लकाचार अध्ययन अवश्यमेव सुनाने का आग्रह किया है।

अत्र च नियमा दशवैकालिकक्षुल्लकाचारकथाध्ययनयुक्त्या सामायिकसाधूनामाचारः क्षुल्लकानामप्ययमेवाचारः क्षुल्लकाचार कथाध्ययनं यथा– संजमे....।

वर्तमान परम्परा में ऐसा उपदेश अनिवार्य नहीं है। समयोचित उपदेश दिया भी जाता है, समयाभाव हो तो नहीं भी दिया जाता है। प्रायः तो नहीं ही दिया

जाता है। जो कुछ उपदेश देना होता है, वह प्रारंभ में या विधि के मध्य में दे दिया जाता है।

विधि मार्गप्रपा में आचार्य जिनप्रभसूरि ने धर्मोपदेश की चर्चा में यह भी लिखा है कि **सो वि संवेगाइसयओ तहा सुणेइ, जहा अन्नो वि को वि पव्वज्जइ।** अर्थात् वह शिष्य इस प्रकार संवेग रस में डूब कर उपदेश श्रवण करे कि उसे देख कर और उपदेश श्रवण कर कोई अन्य भी प्रव्रजित हो सकें। यही बात समाचारी शतक के दीक्षादानविधि के 86वें अधिकार में लिखी है। वैसे महोपाध्याय श्री समयसुंदरजी म. ने इस 86वें प्रश्न के उत्तर के प्रारंभ में ही स्पष्ट कर दिया है कि यह विधि विधिमार्गप्रपा के आधार पर संस्कृत भाषा में अनुदित करके लिख रहा हूँ।

एक विशेष तथ्य यह है कि वर्तमान में नामकरण एवं दिग्बंध को एक ही मान लिया गया है। जबकि विधि ग्रन्थों में ये दोनों अलग विधियाँ है। नामकरण में मात्र नये नाम की घोषणा की जाती है। जबकि दिग्बंध में गुरू महाराज अपनी पूरी परम्परा यथा– कोटिक गण, वज्र शाखा, चन्द्र कुल, खरतरबिरूद आदि का वांचन करते हुए नूतन साधु या साध्वी का नाम घोषित करते हुए उसे अपने समुदाय में सम्मिलित करने की घोषणा करते हैं। दिग्बंध का अर्थ होता है नूतन साधु या साध्वी को अपनी परम्परा से जोड़ना।

विधिमार्गप्रपा, आचार दिनकर, समाचारी शतक आदि विधि ग्रन्थों में प्रव्रज्या विधि अर्थात् लघु दीक्षा विधि में दिग्बंध करने का विधान नहीं लिखा है। उपस्थापना विधि अर्थात् बड़ी दीक्षा में ही दिग्बंध करने का विधान किया है। यह प्रश्न होता है कि फिर छोटी दीक्षा में दिग्बंध क्यों नहीं करना चाहिये। तो इसका उत्तर स्पष्ट है कि छोटी दीक्षा मात्र सामायिक चारित्र है। वह कोई भी ले सकता है और अवधि पूर्ण होने पर उपस्थापना कर छेदोपस्थापनीय चारित्र में भी प्रवेश कर सकता है और चारित्र पालन की असमर्थता में गृहवास भी स्वीकार कर सकता है। इसी कारण छोटी दीक्षा होने के बाद उसे साधु गण अपनी मांडली में संम्मिलित नहीं करते।

जब उसे अपनी मांडली में शामिल किया ही नहीं है तो दिग्बंध कैसा। क्योंकि दिग्बंध का अर्थ तो उसे अपने समुदाय में सम्मिलित करना है। यह युक्तियुक्त ही है कि बड़ी दीक्षा के समय ही समुदाय में सम्मिलित करते हुए दिग्बंध किया जाता है। दिग्बंध के बिना वह समुदाय में सम्मिलित नहीं माना जाता है। इसी कारण साधु साध्वियों के पारस्परिक वंदन व्यवहार में उपस्थापना

को ही महत्व दिया जाता है। किसी साधु या साध्वी की लघु दीक्षा पूर्व में हुई हो, परन्तु उपस्थापना यदि पहले हुई है तो वही बडा माना जायेगा। उपस्थापना के आधार पर ही दीक्षा पर्याय की गणना की जाती है।

हाँलाकि वर्तमान में छोटी दीक्षा के समय ही दिग्बंध का आदेश लिये बिना नामस्थापना के अन्तर्गत दिग्बंध किया जाता है। ऐसा कब से प्रारंभ हुआ, कहना मुश्किल प्रतीत होता है।

जिनकल्प का उल्लेख

जिनकल्प का विच्छेद हो गया है, ऐसी घोषणा होने पर भी आचार दिनकर में प्रव्रज्याविधि के अन्तर्गत जिनकल्प दीक्षा विधि भी प्रस्तुत की है। यह आश्चर्य का विषय है। इससे कदाचित् यह अनुमान भी हो सकता है कि आचार दिनकरकार के समय में जिनकल्प प्रारंभ था। बाकी विधि तो समान ही कही है, कहीं कहीं अन्तर है। जैसे चोटी ग्रहण के स्थान पर जिनकल्पी दीक्षा विधि में संपूर्ण लोच होता है। वेष ग्रहण में मात्र तृणमय एक वस्त्रग्रहण किया जाता है। रजोहरण का निर्माण चामर से या मयूरपिच्छ से होता है। योगोद्वहन विधि में संघट्ट ग्रहण गृहस्थ के घर में ही होता है। हाथ रूप पात्र में ही भोजन होता है।

तथा जिनकल्पिनां प्रव्रज्यायामयं विशेषः अट्टाग्रहणस्थाने संपूर्णलोचकरणं प्रथमं मुण्डनं नास्ति। वेषग्रहणस्थाने तृणमयैकवस्त्रग्रहणं रजोहरणं चामरमयूरपिच्छमयं शेषं तथैव उत्थापनायोगोद्वहनादौ गृहस्थगृह एव संघट्टादानं संघट्ट प्रतिक्रमणं पाणिपात्रभोजनं च। शेषः सर्वोऽपि विधिस्तथैव।

खरतरगच्छ की परम्परा में वि. 1363 विजयादशमी के दिन आचार्य श्री जिनप्रभसूरि ने विधिमार्गप्रपा की रचना करके गच्छ की सुविहित शास्त्रीय विधियों का व्यवस्थित रूप से आलेखन किया। उसके 105 वर्षों के बाद आचार्य वर्धमानसूरि ने वि. 1468 में आचार दिनकर नामक महाग्रन्थ लिखा। विधि विषयक इस प्रकार के ग्रन्थ अन्यत्र दुर्लभ है।

प्रश्न है कि जब दोनों आचार्य खरतरगच्छ की ही परम्परा के थे, तब विधि प्रणालिका में अन्तर किस कारण नजर आ रहा है।

चिंतन करने पर इसका कारण यही ज्ञात होता है कि दोनों आचार्य खरतरगच्छ की परम्परा के होने पर भी ये पृथक् पृथक् शाखाओं के थे। आचार्य जिनप्रभसूरि लघु खरतर शाखा के आचार्य थे तो आचार्य वर्धमानसूरि रूद्रपल्लीय

शाखा के थे। समयसुन्दरजी महाराज थे तो बृहद् खरतरगच्छ की परम्परा के परन्तु जीवन के उत्तरकाल में जब गच्छ में मतभेद हुआ तो इन्हें खिन्न मन से अपने शिष्यों के हठाग्रह के कारण आचार्य जिनराजसूरि को छोडकर आचार्य शाखा के आचार्य जिनसागरसूरि के पक्ष को स्वीकार करना पडा था। परन्तु इस शाखाभेद से समाचारी में कोई भेद नहीं हुआ था।

विधिमार्गप्रपा और आचार दिनकर आदि ग्रन्थों का हर गच्छ में आदर रहा है। आचार्य हीरविजयसूरि लिखित हीर प्रश्न, आचार्य सेनसूरि द्वारा लिखित सेन प्रश्न आदि ग्रन्थों में कई स्थानों पर इन ग्रन्थों को प्रमाणभूत मानकर इनका उल्लेख किया गया है।

प्रस्तुत विधि संकलन में इन सभी ग्रन्थों व परम्पराओं का सहयोग लिया गया है। जहाँ कहीं मतभेद नजर आया है, वहाँ वृहत् खरतरगच्छ शाखा के समाचारी शतक एवं इस परम्परा द्वारा पुरस्कृत योग विधि की हस्तलिखित प्रतियों को केन्द्र में रख कर तदनुसार विधि संकलन किया गया है।

मैंने देखा है कि अपनी परम्परा में अनुयोग विधि का प्रायः प्रचलन नहीं है। जबकि समाचारी शतक आदि ग्रन्थों में अनुयोग विधि का स्वतंत्र रूप से उल्लेख करके वांचना देने का विधान है। इस संकलन में वांचना विधि भी दी गई है।

वांचना के अभाव में योगोद्वहन का उद्देश्य सार्थक भी नहीं होता। जैसे उपधान विधि में तप की पूर्णाहुति पर उस उस सूत्र की वांचना दी जाती है, उसी प्रकार आवश्यक, दशवैकालिक आदि सूत्रों के योगोद्वहन में वांचना दी ही जानी चाहिये। यथासंभव अर्थ सहित ही वांचना दी जानी चाहिये। यदि कारणवश अर्थ वांचना नहीं दी जा सके तो भी सूत्र वांचना तो देनी ही चाहिये।

वर्षों से यह भावना थी कि खरतरगच्छ की परम्परा के अनुसार छोटी बड़ी दीक्षा विधि की एक प्रामाणिक पुस्तक का प्रकाशन हो। छोटी दीक्षा विधि का प्रकाशन पूर्व में आचार्य जिनआनन्दसागरसूरि द्वारा पुस्तक रूप में तथा प्रताकार में किया गया था। परन्तु बड़ी दीक्षा विधि का प्रकाशन अद्यावधि नहीं हुआ था।

चूंकि खरतरगच्छ में साधु समुदाय बहुत अल्प रहा है। फिर उसमें बड़ी दीक्षा कराने का अधिकार पूर्व में मात्र गच्छनायक के पास ही सुरक्षित था। हर साधु बड़ी दीक्षा नहीं करा सकता था।

वर्तमान में विहार क्षेत्र बढ़ा है। दीक्षाएं भी लगातार हो रही है। ऐसी स्थिति में ऐसी प्रामाणिक विधि ग्रन्थ की तीव्र आवश्यकता महसूस की गई। अभी तक

तो साधु हस्तलिखित प्रतियों के आधार पर ही बड़ी दीक्षा आदि विधि कराते थे।

कई मुनियों का, विशेष रूप से मेरे लघु गुरू बन्धु मुनि मनोज्ञसागरजी का विशेष अनुरोध रहा कि बड़ी दीक्षा की कोई सरल पुस्तक प्रकाशित की जाये। यह उसी का परिणाम है। इसे सरल बनाने के कारण पुस्तक थोडी बड़ी जरूर हो गई है। पर हर साधु के लिये बहुत ही उपयोगी बनेगी।

इस पुस्तक के लिये प्रमाणों के संकलन में बहिन साध्वी डॉ. विद्युत्प्रभा का पूर्ण योगदान रहा है। जो मेरे पुरूषार्थ की पूंजी भी है और प्रेरणा भी है।

सामग्री के संकलन, पाण्डुलिपि निर्माण, प्रूफ संशोधन आदि में मुनि मनितप्रभ का अनुमोदनीय पुरूषार्थ रहा है।

(उपाध्याय मणिप्रभसागर)

श्री जिनकुशलसूरि जैन आराधना भवन, बैंगलोर
गुरू सप्तमी पर्व, मिगसर वदि 7, वि.सं. 2061

अथ लघु दीक्षा विधि

सर्वप्रथम नंदी रचना करें। परमात्मा का समवशवरण स्थापित करें। उसमें चौमुख परमात्मा बिराजमान करें। समवशरण के उपर चंदोवा बांधे। समवशरण की स्थापना से पूर्व उस भूमि का शुद्धिकरण करना चाहिये।

शुद्धिकरण विधि

ओम् ह्रीं वायुकुमारेभ्यः स्वाहा। श्रावक शुद्ध वस्त्र से भूमि का प्रमार्जन करें।

ओम् ह्रीं मेघकुमारेभ्यः स्वाहा। श्रावक उस भूमि पर जल का छिडकाव करें।

ओम् ह्रीं ऋतुदेवीभ्यः स्वाहा। श्रावक पुष्पवृष्टि करे।

ओम् ह्रीं अग्निकुमारेभ्यः स्वाहा। श्रावक धूप करे।

ओम् ह्रीं वैमानिक–ज्योतिष्क–भवनवासीदेवेभ्यः स्वाहा। यह मंत्र बोलकर समवशरण की स्थापना करें।

परमात्मा की चारों प्रतिमा पर तीन बार आह्वान मंत्र बोलते हुए वासक्षेप करें–

आह्वान मंत्र

ओम् ह्रीं नमो अर्हत्परमेश्वराय चतुर्मुखाय परमेष्ठिने त्रैलोक्यार्चिताय अष्टदिक्कुमारिपरिपूजिताय इह नन्द्यां आगच्छ आगच्छ स्वाहा।

परमात्मा पर वासक्षेप करने के उपरान्त समवशरण के मध्य नीचे चावल का स्वस्तिक करें, नारियल, गुड़ और सवा रुपया चढ़ायें। चारों ओर अखण्ड दीप की स्थापना करें। चारों दिशाओं में चावल का स्वस्तिक करें, गुड़, नारियल,

रुपया चढायें। इसके बाद दशदिक्पालों की दशों दिशाओं में स्थापना करें व उनका पूजन करें। पूजन में मंत्र बोलकर क्रमशः जल, चंदन, पुष्प, धूप, दीप चढाकर पान में अक्षत, नैवेद्य, फल आदि लेकर चढ़ायें।

पूर्व दिशा– **ओम् ह्रीं इन्द्राय सायुधाय सवाहनाय सपरिजनाय इह नन्द्यां आगच्छ आगच्छ स्वाहा।**

अग्निकोण– **ओम् ह्रीं अग्नये सायुधाय सवाहनाय सपरिजनाय इह नन्द्यां आगच्छ आगच्छ स्वाहा।**

दक्षिण दिशा– **ओम् ह्रीं यमाय सायुधाय सवाहनाय सपरिजनाय इह नन्द्यां आगच्छ आगच्छ स्वाहा।**

नैर्ऋत्य कोण– **ओम् ह्रीं नैर्ऋतये सायुधाय सवाहनाय सपरिजनाय इह नन्द्यां आगच्छ आगच्छ स्वाहा।**

पश्चिम दिशा– **ओम् ह्रीं वरुणाय सायुधाय सवाहनाय सपरिजनाय इह नन्द्यां आगच्छ आगच्छ स्वाहा।**

वायव्य कोण– **ओम् ह्रीं वायवे सायुधाय सवाहनाय सपरिजनाय इह नन्द्यां आगच्छ आगच्छ स्वाहा।**

उत्तर दिशा– **ओम् ह्रीं कुबेराय सायुधाय सवाहनाय सपरिजनाय इह नन्द्यां आगच्छ आगच्छ स्वाहा।**

ईशान कोण– **ओम् ह्रीं ईशानाय सायुधाय सवाहनाय सपरिजनाय इह नन्द्यां आगच्छ आगच्छ स्वाहा।**

ऊर्ध्व दिशा– **ओम् ह्रीं ब्रह्मणे सायुधाय सवाहनाय सपरिजनाय इह नन्द्यां आगच्छ आगच्छ स्वाहा।**

अधो दिशा– **ओम् ह्रीं नागाय सायुधाय सवाहनाय सपरिजनाय इह नन्द्यां आगच्छ आगच्छ स्वाहा।**

दशों दिशाओं में उक्त मंत्र बोलते हुए उन दिशाओं में जल, चंदन, पुष्प, धूप, दीप, अक्षत, नैवेद्य, फल आदि क्रमशः चढायें।

(इति नंदी रचना विधि)

दीक्षा विधि

ठवणी पर अनावृत्त स्थापनाजी बिराजमान करें।

सर्व प्रथम दीक्षार्थी का परिवार गुरू महाराज से दीक्षा देने की प्रार्थना करे।

इच्छामि खमासमणो. बोलकर कहे– **इच्छाकारेण सचित्तभिक्खं गिण्ह।**

गुरू– **इच्छामो वड्ढमाणजोगेणं।**

दीक्षार्थी– **खमा.** देकर कहे– **इच्छाकारेण तुम्हे अम्हं पव्वावेह।**

गुरू– **पव्वावेमो।** दीक्षार्थी– **इच्छं।**

दीक्षार्थी भाई अथवा बहिन उत्तर दिशा या पूर्व दिशा की ओर मुख रखे। दीक्षार्थी के मिले हुए दोनों हाथों पर उसका भाई चंदन का स्वस्तिक करे। फिर वह दीक्षार्थी के हाथ में चावल, सवा रुपया और नारियल अर्पण करे।

दीक्षार्थी हाथ में नारियल आदि लेकर नवकार मंत्र गिनते हुए परमात्मा की तीन प्रदक्षिणा दें। पूर्ण होने पर नारियल परमात्मा के आगे चढादें। फिर क्रिया का प्रारंभ करें। वज्रपंजर द्वारा शुद्धिकरण करें।

ओम् परमेष्ठि नमस्कारं, सारं नवपदात्मकम्।
आत्मरक्षाकरं वज्रपंजराभं स्मराम्यहम्॥1॥
ओम् नमो अरिहंताणं; शिरस्कं शिरसि स्थितम्।
ओम् नमो सिद्धाणं, मुखे मुखपटं वरम्॥2॥
ओम् नमो आयरियाणं, अंगरक्षातिशायिनी।
ओम् नमो उवज्झायाणं, आयुधं हस्तयोर्दृढम्॥3॥
नमो लोएसव्वसाहूणं, मोचके पादयोः शुभे।
एसो पंचनमुक्कारो, शिला वज्रमयी तले॥4॥
सव्वपावप्पणासणो, वप्रो वज्रमयो बहिः।
मंगलाणं च सव्वेसिं, खादिरांगारखातिका॥5॥
स्वाहान्तं च पदं ज्ञेयं, पढमं हवइ मंगलं।
वप्रोपरि वज्रमयं, पिधानं देहरक्षणे॥6॥
महाप्रभावा रक्षेयं, क्षुद्रोपद्रवनाशिनी।
परमेष्ठिपदोद्भूता, कथिता पूर्वसूरिभिः॥7॥
यश्चैवं कुरुते रक्षां, परमेष्ठिपदैः सदा।
तस्य न स्याद्भयं व्याधि–राधिश्चापि कदाचन॥8॥

खमा. देकर **इरियावही. तस्स. अन्नत्थ.** बोलकर **सागरवरगंभीरा** तक **एक लोगस्स** का कायोत्सर्ग कर प्रकट **लोगस्स** कहें।

खमा. देकर मुहपत्ति का पडिलेहण करें। पुजारी से परमात्मा पर पडदा करें। दीक्षार्थी स्थापनाजी की ओर मुख करके दो वांदणा दें। पडदा दूर करें।

दीक्षार्थी– **खमा. इच्छाकारेण तुम्हे अम्हं सम्मत्त सामाइयं सुय सामाइयं सव्वविरइसामाइयं आरोवणियं नंदीकड्ढावणियं काउसग्गं करावेह।**

गुरू– **करावेमि**। दीक्षार्थी– **इच्छं**।

खमा. देकर कहे– **सम्मत्त सामाइयं सुय सामाइयं सव्वविरइसामाइयं आरोवणियं नंदीकड्ढावणियं करेमि काउसग्गं, अन्नत्थ.** कहकर **सागरवरगंभीरा** तक एक **लोगस्स** का कायोत्सर्ग करे। प्रकट **लोगस्स** कहें। *यह कायोत्सर्ग गुरू महाराज भी करें।*

दीक्षार्थी **खमा.** देकर कहे– **इच्छाकारेण तुम्हे अम्हं सम्मत्त सामाइयं सुय सामाइयं सव्वविरइसामाइयं आरोवणियं नंदीकड्ढावणियं वासक्खेवं करेह।**

गुरू– **करेमि**। दीक्षार्थी– **इच्छं**।

दीक्षार्थी नवकार मंत्र गिनते हुए परमात्मा की तीन प्रदक्षिणा दें और गुरू महाराज से तीन बार वासक्षेप लें। गुरू महाराज वर्धमान विद्या से अभिमंत्रित वासक्षेप डाले।

दीक्षार्थी **खमा.** देकर कहें– **इच्छाकारेण तुम्हे अम्हं सम्मत्त सामाइयं सुय सामाइयं सव्वविरइसामाइयं आरोवणियं नंदीकड्ढावणियं चेइयं वंदावेह।**

गुरू– **वंदावेमि**। दीक्षार्थी– **इच्छं**। कहकर बायां घुटना उँचा करें और अठारह थुई का देववंदन करें। *गुरू महाराज भी देववंदन करें।*

खमा, इच्छा. संदि. भग. चैत्यवंदन करूँजी। इच्छं।

चैत्यवंदन

आदिमं पृथिवीनाथ, मादिमं निष्परिग्रहम्।
आदिमं तीर्थनाथं च, ऋषभस्वामिनं स्तुमः।
सुवर्णवर्णं गजराजगामिनं। प्रलम्बबाहुं सुविशाललोचनम्।
नरामरेन्द्रैः स्तुतपादपंकजम्। नमामि भक्त्या ऋषभं जिनोत्तमम्।।
अर्हन्तो भगवन्त इन्द्र महिताः सिद्धाश्च सिद्धिस्थिताः।
आचार्याः जिनशासनोन्नतिकराः पूज्याः उपाध्यायकाः।
श्री सिद्धान्तसुपाठका मुनिवराः रत्नत्रयाराधकाः।
पंचैते परमेष्ठिनः प्रतिदिनं कुर्वन्तु वो मंगलम्।।

जंकिंचि. णमुत्थुणं. अरिहंतचेइयाणं. अन्नत्थ. बोलकर एक नवकार का कायोत्सर्ग कर स्तुति बोलें–

नमोऽर्हत् यदंघ्रि नमनादेव, देहिनः संति सुस्थिताः
तस्मै नमोस्तु वीराय, सर्वविघ्नविघातिने।।1।।

लोगस्स. सव्वलोए. अन्नत्थ. बोलकर एक नवकार का कायोत्सर्ग कर स्तुति बोलें–

सुरपतिनतचरणयुगान्, नाभेयजिनादिजिनपतीन्नौमि।
यद्वचनपालनपराः, जलांजलिं ददतु दुःखेभ्यः॥2॥

पुक्खरवदी. सुअस्स. अन्नत्थ. बोलकर एक नवकार का कायोत्सर्ग कर स्तुति बोलें–

वदन्ति वृन्दारूगणाग्रतो जिनाः। सदर्थतो यद्रचयंति सूत्रतः।
गणाधिपास्तीर्थसमर्थनक्षणे, तदंगिनामस्तु मतं विमुक्तये।3॥

सिद्धाणं बुद्धाणं. वैयावच्च. अन्नत्थ. बोलकर एक नवकार का कायोत्सर्ग कर स्तुति बोलें–

नमोऽर्हत् शक्रः सुरासुरवरैः सह देवताभिः।
सर्वज्ञशासनसुखाय समुद्यताभिः।
श्री वर्द्धमानजिनदत्तमतप्रवृत्तान्,
भव्यान् जिनान्नवतु मंगलेभ्यः॥4॥

नीचे बैठकर बायां घुटना उँचा कर णमुत्थुणं. बोलकर खडे होकर बोले– **श्री शान्तिनाथ देवाधिदेव** आराधनार्थं करेमि काउसग्गं वंदणवत्तियाए, अन्नत्थ. बोलकर एक नवकार का कायोत्सर्ग कर पार कर नमोऽर्हत् कह कर स्तुति बोलें–

रोगशोकादिभिर्दोषै–रजिताय जितारये।
नमः श्रीशान्तये तस्मै, विहितानन्तशक्तये॥5॥

श्री शान्ति देवता आराधनार्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. एक नवकार. नमोऽर्हत्. स्तुति–

श्री शान्तिजिनभक्ताय भव्याय सुखसम्पदम्।
श्री शान्तिदेवता देयादशान्तिमप्यनीय मे॥6॥

श्री श्रुतदेवता आराधनार्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. एक नवकार. नमोऽर्हत्. स्तुति–

सुवर्णशालिनी देयाद्– द्वादशांगी जिनोद्भवा।
श्रुतदेवी सदा महय मशेष श्रुतसम्पदम्॥7॥

श्री भवन देवता आराधनार्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. एक नवकार. नमोऽर्हत्. स्तुति–

चतुर्वर्णाय संघाय देवी भवनवासिनी।
निहत्य दुरितान्येषा करोतु सुखमक्षतम्॥8॥

श्री क्षेत्र देवता आराधनार्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. एक नवकार.

नमोऽर्हत्. स्तुति–

यासां क्षेत्रगताः सन्ति, साधवः श्रावकादयः।
जिनाज्ञां साधयन्त्यस्ता, रक्षन्तु क्षेत्रदेवताः॥9॥

श्री अम्बिकादेवी आराधनार्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. एक नवकार. नमोऽर्हत्. स्तुति–

अम्बा निहतडिम्बा मे, सिद्धबुद्धसुतान्विता।
सिते सिंहे स्थिता गौरी, वितनोतु समीहितम्॥10॥

श्री पद्मावती देवी आराधनार्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. एक नवकार. नमोऽर्हत्. स्तुति–

धराधिपतिपत्नी या, देवी पद्मावती सदा।
क्षुद्रोपद्रवतः सा मां, पातु फुल्लत्कणावलिः॥11॥

श्री चक्रेश्वरी देवी आराधनार्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. एक नवकार. नमोऽर्हत्. स्तुति–

चंचच्चक्रकरा चारू– प्रवाल दल सन्निभा।
चिरं चक्रेश्वरी देवी नन्दतादवताच्च माम्॥12॥

श्री अच्छुप्तादेवी आराधनार्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. एक नवकार. नमोऽर्हत्. स्तुति–

खड्ग खेटक कोदण्ड बाण पाणिस्तडिद्द्युतिः।
तुरंग गमना च्छुप्ता, कल्याणानि करोतु मे॥13॥

श्री कुबेरा देवी आराधनार्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. एक नवकार. नमोऽर्हत्. स्तुति–

मथुरापुरी सुपार्श्व श्री पार्श्वस्तूप रक्षिका।
श्री कुबेरा नरारूढा., सुतांकावतु वो भयात्॥14॥

श्री ब्रह्मशान्ति यक्ष आराधनार्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. एक नवकार. नमोऽर्हत्. स्तुति–

ब्रह्मशान्तिः स मां पाया– दपायाद् वीरसेवकः।
श्रीमत्सत्यपुरे सत्या, येन कीर्त्तिः कृता निजा॥15॥

श्री गोत्र देवता आराधनार्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. एक नवकार. नमोऽर्हत्. स्तुति–

या गोत्रं पालयत्येव सकलापायतः सदा।
श्री गोत्रदेवतारक्षां, सा करोतु नतांगिनाम्॥16॥

श्री शक्रादिसमस्त वैयावृत्यकर देवता आराधनार्थं करेमि काउसग्गं

अन्नत्थ. एक नवकार. नमोऽर्हत्. स्तुति–

श्री शक्रप्रमुखा यक्षा, जिनशासनसंश्रिताः।
देवा देव्यस्तदन्येपि, संघं रक्षन्त्वपायतः॥17॥

श्री सिद्धायिका शासनदेवता आराधनार्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. चार लोगस्स ऊपर एक नवकार का काउसग्ग कर पारकर नमोऽर्हत् कह कर स्तुति बोलें–

श्रीमद् विमानमारूढा यक्षमातंग संगता।
सा मां सिद्धायिका पातु, चक्रचापेषु धारिणी॥18॥

लोगस्स बोले। तीन नवकार हाथ जोड़कर बोले, फिर बैठकर बायां घुटना उँचा कर णमुत्थुणं. जावंति. खमा. जावंत. नमोऽर्हत् बोलकर यह **स्तोत्र** पढ़े–

ओम् परमेष्ठि नमस्कारं, सारं नवपदात्मकम्।
आत्मरक्षाकरं वज्रपंजराभं स्मराम्यहम्॥1॥
ओम् नमो अरिहंताणं, शिरस्कं शिरसि स्थितम्।
ओम् नमो सिद्धाणं, मुखे मुखपटं वरम्॥2॥
ओम् नमो आयरियाणं, अंगरक्षातिशायिनी।
ओम् नमो उवज्झायाणं, आयुधं हस्तयोर्दृढ़म्॥3॥
नमो लोएसव्वसाहूणं, मोचके पादयोः शुभे।
एसो पंचनमुक्कारो, शिला वज्रमयी तले॥4॥
सव्वपावप्पणासणो, वप्रो वज्रमयो बहिः।
मंगलाणं च सव्वेसिं, खादिरांगारखातिका॥5॥
स्वाहान्तं च पदं ज्ञेयं, पढमं हवइ मंगलं।
वप्रोपरि वज्रमयं, पिधानं देहरक्षणे॥6॥
महाप्रभावा रक्षेयं, क्षुद्रोपद्रवनाशिनी।
परमेष्ठिपदोद्भूता, कथिता पूर्वसूरिभिः॥7॥
यश्चैवं कुरुते रक्षां, परमेष्ठिपदैः सदा।
तस्य न स्याद्भयं व्याधि–राधिश्चापि कदाचन॥8॥

जयवीयराय बोलें। फिर गुरू महाराज चारित्र के उपकरणों को वर्धमान विद्या से अभिमंत्रित करें।

उपकरण अभिमंत्रण विधि

रजोहरण– **ओम् आँ ह्रीँ क्रौँ अर्हते नमः**
वस्त्र– **ओम् आँ ह्रीँ क्रौँ ते नमः**

दण्ठ– ओम् ह्रीं अवतर अवतर सोमे सोमे कुरू कुरू ओम् कवली कः क्षः स्वाहा

शेष उपकरण 'वर्धमान विद्या' से अभिमंत्रित करें।

फिर दीक्षार्थी के परिवार जन ओघा व मुहपत्ति गुरू महाराज को बहोराये।

दीक्षार्थी खमासमण देकर कहे– **इच्छाकारेण तुम्हे अम्हं रयहरणाइं वेसं समप्पेह।**

गुरू महाराज तीन नवकार मंत्र गिनकर **'सुग्गहियं करेह'** कहकर दशियाँ दीक्षार्थी के दायीं ओर रखते हुए रजोहरण व मुहपत्ति अर्पण करें।

दीक्षार्थी रजोहरण को प्राप्त कर आनंद उत्सव को अभिव्यक्त करता हुआ परमात्मा की तीन प्रदक्षिणा दें।

पश्चात् झालर वादन के साथ कक्ष में जाकर सर्व आभूषणों, वस्त्रों को उतारें। चोटी पर कुछ केश रखते हुए क्षुरमुंडन करवा कर स्नान आदि करके साधु वेष धारण करें।

साधु वेष धारण करने के बाद उसके मस्तिष्क पर चंदन से स्वस्तिक करें। झालर वादन के साथ मंडप में आवें।

गुरू महाराज को मत्थएण वंदामि कहकर वंदना करें। धर्मदण्ड आदि अलग कर आसन बिछाकर खमासमणा देकर कहें– **इच्छाकारेण तुम्हे अम्हं लट्ठिं गिण्ह।** गुरू– **गिण्हामो।** शिष्य– **इच्छं।**

गुरू महाराज चोटी का लुंचन करें।

शिष्य **खमा. इच्छाकारेण तुम्हे अम्हं सम्मत्त सामाइयं सुय सामाइयं सव्वविरइसामाइयं आरोवणत्थं इरियावहियं पडिक्कमावेह।**

गुरू– **पडिक्कमावेमो।** शिष्य– **इच्छं। कहकर इरियावही. तस्स. अन्नत्थ. बोलकर** सागरवरगंभीरा तक एक लोगस्स का काउसग्ग करे। प्रकट लोगस्स कहें।

मुहपत्ति का प्रतिलेखन करें। पुजारी से परमात्मा पर पडदा करें। **स्थापनाजी** की ओर मुख करके दो वांदणा दें। पडदा दूर करें।

शिष्य **खमा. इच्छाकारेण तुम्हे अम्हं सम्मत्त सामाइयं सुय सामाइयं सव्वविरइसामाइयं आरोवणत्थं काउसग्गं करावेह।**

गुरू– **करावेमो।** शिष्य– **इच्छं।**

शिष्य **खमा. सम्मत्त सामाइयं सुय सामाइयं सव्वविरइसामाइयं आरोवणत्थं करेमि काउसग्गं, अन्नत्थ.** कहकर गुरू म. एवं शिष्य दोनों सागरवरगंभीरा तक एक लोगस्स का कायोत्सर्ग कर प्रकट लोगस्स कहें।

पूर्व में यदि सम्यक्त्व का ग्रहण किया हो तो निम्नलिखित विधि करनी आवश्यक नहीं है। यदि नहीं किया हो तो करें।

शिष्य– **खमा. इच्छाकारेण तुम्हे अम्हं सम्मत्त सामाइयसुत्तं उच्चरावेह।**

गुरू– **उच्चरावेमो।** शिष्य– **इच्छं।**

हाथ जोड़ कर सिर झुका कर यह पाठ तीन बार सुने।

अहन्नं भंते तुम्हाणं समीवे मिच्छताओ पडिक्कमामि सम्मत्तं उवसंपज्जामि तं जहा दव्वओ खित्तओ कालओ भावओ दव्वओणं मिच्छत्तकरणाइं पच्चक्खामि सम्मत्तकरणाइं उवसंपज्जामि नो मे कप्पइ अज्जप्पभिइ अन्नउत्थिय वा अन्नउत्थिय देवयाणिं वा अन्नउत्थिय परिग्गाहियाणि वा अरिहंतचेइयाणि वा वंदित्तए वा नमंसित्तए वा पुव्वा अणलत्तेणं आलइत्तए वा संलइत्तए वा तेसिं असणं वा पाणं वा खाइमं वा साइमं वा दाउं वा अणुप्पदाउं वा खित्तओणं इहेवा अन्नत्थ वा कालओणं जावज्जीवाए भावओणं जाव गहेणं गहिज्जामि जाव छलेणं न छलिज्जामि जाव सन्निवाए णं नाभिभविज्जामि जाव अन्नेण वा केणइ परिणामवसेणं परिणामो मे न पडिवज्जइ ताव मे एयं सम्मदंसणं अन्नत्थ रायाभियोगेणं बलाभियोगेणं गणाभियोगेणं देवाभियोगेणं गुरूनिग्गहेणं वित्तिकंतारेणं वोसिरामि।

यह पाठ तीन बार गुरू महाराज उच्चरावे। शिष्य– **वोसिरामि** कहे।

शुभ लग्नवेला आने पर–

शिष्य– **खमा. इच्छाकारेण तुम्हे अम्हं सव्वविरइ–सामाइयसुत्तं उच्चरावेह।** गुरू– **उच्चरावेमो।** शिष्य– **इच्छं।**

हाथ जोड़ कर सिर झुका कर यह पाठ तीन बार सुने।

करेमि भंते सामाइयं सव्वं सावज्जं जोगं पच्चक्खामि जावज्जीवाए तिविहं तिविहेणं मणेणं वायाए काएणं न करेमि न कारवेमि करंतंपि अन्नं न समणुजाणामि तस्स भंते पडिक्कमामि निंदामि गरिहामि अप्पाणं वोसिरामि।

बाद में गुरू महाराज परमात्मा पर वासक्षेप करें।

फिर वर्धमान विद्या से अक्षत अभिमंत्रित करे।

वर्धमान विद्या

ओम् ह्रीं श्रीं एँ ओम् नमो अरहओ भगवओ महावीरस्स सिज्झउ मे भगवइ महइ महाविज्जा वीरे वीरे महावीरे जयवीरे सेणवीरे वद्धमाणवीरे जए विजए जयंते अपराजिते सव्वट्ठसिद्धे अणेहिए महाणसे महाबले स्वाहा ओम् नमो पुलाकलद्धीणं ओम् नमो कुट्ठबुद्धीणं ओम् नमो बीयबुद्धीणं ओम् नमो पयाणुसारीणं ओम् नमो संभिन्नसोयाणं ओम् नमो उज्जुमइणं ओम् नमो विउलमइणं महाविज्जे मम वंछियं कुरु कुरु शत्रुन् निवारय निवारय वर्धमानस्वामिन् ठः ठः ठः स्वाहा।

इस वर्धमान विद्या से अभिमंत्रित वासक्षेप चावलों में मिलावें तथा सप्त मुद्राओं से 'ओम् ह्रीं श्रीं अर्हं' ये अक्षर लिखते हुए उन चावलों को अभिमंत्रित करे।

1. पंच परमेष्ठि मुद्रा 2. कामधेनु मुद्रा 3. सौभाग्य मुद्रा 4. गरूड़ मुद्रा 5. पद्म मुद्रा 6. मुद्गर मुद्रा 7. हस्त मुद्रा।

अभिमंत्रित इन चावलों को संघ में वितरित करें।

शिष्य खमा. देकर मुहपत्ति का पडिलेहण कर गुरू महाराज को विधिवत् द्वादशावर्तवंदन करे। वंदन करते समय प्रतिमाजी पर पड़दा करें। वंदन हो जाने के बाद पडदा हटा दें।

शिष्य खमा. देकर कहे– **इच्छाकारेण तुम्हे अम्हं सम्मत्त सामाइयं सुय सामाइयं सव्वविरइसामाइयं आरोवेह।**

गुरू– **आरोवेमो।** शिष्य– **इच्छं।**

खमा. देकर कहे– **संदिसह किं भणामो।** गुरू– **वंदित्तापवेयह।** शिष्य– **तहत्ति।**

खमा. **इच्छाकारेण तुम्हे अम्हं सम्मत्त सामाइयं सुय सामाइयं सव्वविरइसामाइयं आरोवियं!**

गुरू म. शिष्य के सिर पर वासक्षेप डालते हुए कहें– **आरोवियं आरोवियं आरोवियं खमासमणाणं हत्थेणं सुत्तेणं अत्थेणं तदुभएणं सम्मं धारणीयं चिरं पालणीयं गुरूगुणेहिं वड्ढाहि नित्थारगपारगो होइ।**

शिष्य– **इच्छामो अणुसट्ठिं।**

खमा. **तुम्हाणं पवेइयं संदिसह साहूणं पवेएमि!**

गुरू– **पवेयह।** शिष्य– **इच्छं।**

कहकर शिष्य नवकार मंत्र गिनते हुए तीन प्रदक्षिणा दें। साधु साध्वी उनके सिर पर वासक्षेप डालें तथा संघ उन अभिमंत्रित चावलों से बधाये।

खमा. देकर शिष्य कहे– **तुम्हाणं पवेइयं साहूणं पवेइयं संदिसह काउसग्गं करेमि!**

गुरू– **करेह।** शिष्य– **इच्छं।**

खमा. देकर कहे– **सम्मत्त सामाइयं सुय सामाइयं सव्वविरइसामाइयं आरोवणत्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ.** कहकर सागरवरगंभीरा तक एक लोगस्स का कायोत्सर्ग करे। पारकर प्रकट लोगस्स कहें।

खमा. देकर कहे– **इच्छाकारेण तुम्हे अम्हं सम्मत्त सामाइयं सुय सामाइयं सव्वविरइसामाइयं थिरीकरणत्थं काउसग्गं करावेह!**

गुरू– **करेह।** शिष्य– **इच्छं।**

खमा. देकर कहे– **सम्मत्त सामाइयं सुय सामाइयं सव्वविरइसामाइयं थिरीकरणत्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ.** कहकर सागरवरगंभीरा तक एक लोगस्स का कायोत्सर्ग करे। पारकर प्रकट लोगस्स कहें।

खमा. देकर कहे– **इच्छाकारेण तुम्हे अम्हं सम्मत्त सामाइयं सुय सामाइयं सव्वविरइसामाइयं आरोवणियं निरूद्धतव करावेह!**

गुरू– **करावेमो।**

शिष्य को उपवास का पचक्खाण करावें। यदि शक्ति न हो तो अपवाद स्वरूप आयंबिल भी कराया जा सकता है।

खमा. देकर कहे– **इच्छाकारेण तुम्हे अम्हं नामठवणं करेह!**

शिष्य परमात्मा की प्रदक्षिणा देकर गुरू महाराज के आगे खडा रहे।

गुरू महाराज वासक्षेप डालते हुए नवकार बोलकर नामकरण करे।

कोटिक गण, वज्र शाखा, चन्द्र कुल, खरतर बिरूद, महोपाध्याय श्री क्षमाकल्याणजी म. का वासक्षेप, गणनायक श्री सुखसागरजी म. का समुदाय, वर्तमान में आचार्य/गणाधीश..... , उपाध्याय ....., पू. ..... के सानिध्य में, प्रवर्तिनी श्री ....., साक्षी विदुषी साध्वी रत्न श्री.. ....., साक्षी श्रावक प्रवर श्री....., साक्षी सुश्राविका सौ.....,

एवं सर्व संघ समक्षे मुनि श्री/साध्वी श्री..... के शिष्य, मुनि/साध्वी.....नाम नित्थारगपारगाहोइ।

सभी साधुओं, साध्वियों से वासक्षेप ग्रहण करे। प्रदक्षिणा देते समय श्रावक श्राविका उन्हें अक्षतों से बधाये। इस प्रकार नामकरण की क्रिया तीन बार करें।

नूतन साधु / साध्वी गुरू महाराज को विधिवत् वंदना करे। फिर नूतन साधु / साध्वी को सकल संघ विधिवत् वंदना करे।

शिष्य खमा. पूर्वक कहे– **इच्छाकारेण धम्मोवएसं करेह।**

गुरू– **सुणेह।**

गुरू महाराज प्रासंगिक प्रवचन दें।

बाद में नंदी का विधिपूर्वक विसर्जन करे।

पहले दिक्पालों का विसर्जन करे।

पूर्व दिशा– **ओम् ह्रीं इन्द्राय सायुधाय सवाहनाय सपरिजनाय पुनरागमनाय स्वस्थानं गच्छ गच्छ स्वाहा।**

अग्निकोण– **ओम् ह्रीं अग्नये सायुधाय सवाहनाय सपरिजनाय पुनरागमनाय स्वस्थानं गच्छ गच्छ स्वाहा।**

दक्षिण दिशा– **ओम् ह्रीं यमाय सायुधाय सवाहनाय सपरिजनाय पुनरागमनाय स्वस्थानं गच्छ गच्छ स्वाहा।**

नैऋत्य कोण– **ओम् ह्रीं नैर्ऋतये सायुधाय सवाहनाय सपरिजनाय पुनरागमनाय स्वस्थानं गच्छ गच्छ स्वाहा।**

पश्चिम दिशा– **ओम् ह्रीं वरुणाय सायुधाय सवाहनाय सपरिजनाय पुनरागमनाय स्वस्थानं गच्छ गच्छ स्वाहा।**

वायव्य कोण– **ओम् ह्रीं वायवे सायुधाय सवाहनाय सपरिजनाय पुनरागमनाय स्वस्थानं गच्छ गच्छ स्वाहा।**

उत्तर दिशा– **ओम् ह्रीं कुबेराय सायुधाय सवाहनाय सपरिजनाय पुनरागमनाय स्वस्थानं गच्छ गच्छ स्वाहा।**

ईशान कोण– **ओम् ह्रीं ईशानाय सायुधाय सवाहनाय सपरिजनाय पुनरागमनाय स्वस्थानं गच्छ गच्छ स्वाहा।**

ऊर्ध्व दिशा– **ओम् ह्रीं ब्रह्मणे सायुधाय सवाहनाय सपरिजनाय पुनरागमनाय स्वस्थानं गच्छ गच्छ स्वाहा।**

अधो दिशा– **ओम् ह्रीं नागाय सायुधाय सवाहनाय सपरिजनाय पुनरागमनाय स्वस्थानं गच्छ गच्छ स्वाहा।**

फिर नंदी का विसर्जन करे–

ओम् ह्रीं नमो अर्हत्परमेश्वराय चतुर्मुखाय परमेष्ठिने त्रैलोक्यार्चिताय अष्टदिक्कुमारीपरिपूजिताय पुनरागमनाय स्वस्थानं गच्छ गच्छ स्वाहा।

दीक्षा विधि पूर्ण होने के बाद जिनमंदिर जाकर विधिवत् चैत्यवंदन करे। तत्पश्चात् ईशान कोण में बैठकर नवकार मंत्र की एक माला फेरे।

(इति दीक्षा विधि)

आवश्यक सूत्र योगोद्वहन विधि

योगप्रवेश से पूर्व संध्या को की जाने वाली विधि

शाम चौविहार करके क्रिया करें। स्थापनाचार्य जी खोल दें।

खमा. इरिया. करें। खमा. इच्छा. संदि. भग. मुहपत्ति पडिलेहुं, इच्छं कहकर मुहपत्ति का प्रतिलेखन करें।

खमा. इच्छा. संदि. भग. तुम्हे अम्हं आवसग्ग जोग उक्खेवोजी। गुरू– **उक्खेवामि** शिष्य– **इच्छं।**

खमा. इच्छा. संदि. भग. तुम्हे अम्हं आवसग्ग जोग उक्खेवावणी वासनिक्खेव करोजी। गुरू– **करेमि। शिष्य इच्छं। नवकार मंत्र गिनते हुए तीन प्रदक्षिणा दे व तीन बार वासक्षेप करे।**

खमा. इच्छा. संदि. भग. तुम्हे अम्हं आवसग्ग जोग उक्खेवावणी देववंदावोजी। गुरू– **वंदावेमि। शिष्य इच्छं।**

खमासमण देकर जयवीयराय तक चैत्यवंदन करें।

खमा. इच्छा. संदि. भग. तुम्हे अम्हं आवसग्ग जोग उक्खेवावणी काउसग्ग करावोजी।

गुरू– करावेमि। शिष्य इच्छं अन्नत्थ कहकर सागरवरगंभीरा तक एक लोगस्स का काउसग्ग करे। पारकर प्रगट लोगस्स कहें।

गुरू महाराज को वंदन करें व खमासमण देकर चौविहार के पच्चक्खाण लें।

प्रथम दिन

यह विधि समवशरण की रचना कर उसमें चौमुख परमात्मा को बिराजमान करके की जानी चाहिये। यदि संभव न हो तो स्थापनाचार्य जी के समक्ष करे। स्थापना जी खुला रखें।

आसन बिछावें, कमली दूर करें।

एक एक नवकार गिनते हुए तीन प्रदक्षिणा दें। खमा. इरियावही करें।

खमा. इच्छाकारेण संदिसह भगवन् मुहपत्ति पडिलेहुं। गुरू– **पडिलेहेह।** शिष्य– **इच्छं।** कहकर मुहपत्ति की पडिलेहण करें।

खमा. इच्छकारी भगवन्! तुम्हे अम्हं श्री आवश्यक सुयखंधं उद्देसावणी नंदीकरावणी वासनिक्षेप करोजी। गुरू– **करेमि।** शिष्य– **इच्छं।** कहकर तीन प्रदक्षिणा देते हुए गुरू महाराज तीन बार वासक्षेप ग्रहण करे।

खमा. इच्छ. भग.! तुम्हे अम्हं श्री आवश्यक सुयखंधं उद्देसावणी नंदीकरावणी देववंदावोजी। गुरू– **वंदावेमि।** शिष्य– **इच्छं।** कहकर बायां घुटना ऊँचा करें और अठारह थुई का देववंदन करें।

खमा. इच्छा. संदि. भग. चैत्यवंदन करूँजी। इच्छं।

चैत्यवंदन

आदिमं पृथिवीनाथ, मादिमं निष्परिग्रहम्।
आदिमं तीर्थनाथं च, ऋषभस्वामिनं स्तुमः।
सुवर्णवर्णं गजराजगामिनं। प्रलम्बबाहुं सुविशाललोचनम्।
नरामरेन्द्रैः स्तुतपादपंकजम्। नमामि भक्त्या ऋषभं जिनोत्तमम्॥
अर्हन्तो भगवन्त इन्द्र महिताः सिद्धाश्च सिद्धिस्थिताः।
आचार्याः जिनशासनोन्नतिकराः पूज्याः उपाध्यायकाः।
श्री सिद्धान्तसुपाठका मुनिवराः रत्नत्रयाराधकाः।
पंचैते परमेष्ठिनः प्रतिदिनं कुर्वन्तु वो मंगलम्॥

जंकिंचि. णमुत्थुणं. अरिहंतचेइयाणं. अन्नत्थ. बोलकर एक नवकार का कायोत्सर्ग कर स्तुति बोलें–

नमोऽर्हत् यदंघ्रि नमनादेव, देहिनः संति सुस्थिताः
तस्मै नमोस्तु वीराय, सर्वविघ्नविघातिने॥1॥

लोगस्स. सव्वलोए. अन्नत्थ. बोलकर एक नवकार का कायोत्सर्ग कर स्तुति बोलें–

सुरपतिनतचरणयुगान्, नाभेयजिनादिजिनपतीन्नौमि।

यद्वचनपालनपराः, जलांजलिं ददतु दुःखेभ्यः॥2॥

पुक्खरवदी. सुअस्स. अन्नत्थ. बोलकर एक नवकार का कायोत्सर्ग कर स्तुति बोलें–

वदन्ति वृन्दारूगणाग्रतो जिनाः। सदर्थतो यद्रचयंति सूत्रतः।
गणाधिपास्तीर्थसमर्थनक्षणे, तदंगिनामस्तु मतं विमुक्तये॥3॥

सिद्धाणं बुद्धाणं. वैयावच्च. अन्नत्थ. बोलकर एक नवकार का कायोत्सर्ग कर स्तुति बोलें–

नमोऽर्हत्. शक्रः सुरासुरवरैः सह देवताभिः।
सर्वज्ञशासनसुखाय समुद्यताभिः।
श्री वर्द्धमानजिनदत्तमतप्रवृत्तान्,
भव्यान् जिनान्नवतु मंगलेभ्यः॥4॥

नीचे बैठकर बायां घुटना उँचा कर णमुत्थुणं. बोलकर खडे होकर बोले–. **श्री शान्तिनाथ देवाधिदेव** आराधनार्थं करेमि काउसग्गं वंदणवत्तियाए. अन्नत्थ. बोलकर एक नवकार का काउसग्ग कर पार कर नमोऽर्हत् कह कर स्तुति बोलें–

रोगशोकादिभिर्दोषै–रजिताय जितारये।
नमः श्रीशान्तयै तस्मै, विहितानन्तशक्तये॥5॥

श्री शान्ति देवता आराधनार्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. एक नवकार. नमोऽर्हत्. स्तुति–

श्री शान्तिजिनभक्ताय भव्याय सुखसम्पदम्।
श्री शान्तिदेवता देयादशान्तिमपनीय मे॥6॥

श्री श्रुतदेवता आराधनार्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. एक नवकार. नमोऽर्हत्. स्तुति–

सुवर्णशालिनी देयाद्– द्वादशांगी जिनोद्भवा।
श्रुतदेवी सदा महृय मशेष श्रुतसम्पदम्॥7॥

श्री भवन देवता आराधनार्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. एक नवकार. नमोऽर्हत्. स्तुति–

चतुर्वर्णाय संघाय देवी भवनवासिनी।
निहत्य दुरितान्येषा करोतु सुखमक्षतम्॥8॥

श्री क्षेत्र देवता आराधनार्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. एक नवकार. नमोऽर्हत्. स्तुति–

यासां क्षेत्रगताः सन्ति, साधवः श्रावकादयः।
जिनाज्ञां साधयन्त्यस्ता, रक्षन्तु क्षेत्रदेवताः॥9॥

श्री अम्बिकादेवी आराधनार्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. एक नवकार. नमोऽर्हत्. स्तुति–

अम्बा निहतडिम्बा मे, सिद्धबुद्धसुतान्विता।
सिते सिंहे स्थिता गौरी, वितनोतु समीहितम्॥10॥

श्री पद्मावती देवी आराधनार्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. एक नवकार. नमोऽर्हत्. स्तुति–

धराधिपतिपत्नी या, देवी पद्मावती सदा।
क्षुद्रोपद्रवतः सा मां, पातु फुल्लत्फणावलिः॥11॥

श्री चक्रेश्वरी देवी आराधनार्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. एक नवकार. नमोऽर्हत्. स्तुति–

चंचच्चक्रकरा चारू– प्रवाल दल सन्निभा।
चिरं चक्रेश्वरी देवी नन्दतादवताच्च माम्॥12॥

श्री अच्छुप्तादेवी आराधनार्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. एक नवकार. नमोऽर्हत्. स्तुति–

खड्ग खेटक कोदण्ड बाण पाणिस्तडिद्द्युतिः।
तुरंग गमना च्छुप्ता, कल्याणानि करोतु मे॥13॥

श्री कुबेरा देवी आराधनार्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. एक नवकार. नमोऽर्हत्. स्तुति–

मथुरापुरी सुपार्श्वं श्री पार्श्वस्तूप रक्षिका।
श्री कुबेरा नरारूढा, सुतांकावतु वो भयात्॥14॥

श्री ब्रह्मशान्ति यक्ष आराधनार्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. एक नवकार. नमोऽर्हत्. स्तुति–

ब्रह्मशान्तिः स मां पाया– दपायाद् वीरसेवकः।
श्रीमत्सत्यपुरे सत्या, येन कीर्त्तिः कृता निजा॥15॥

श्री गोत्र देवता आराधनार्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. एक नवकार. नमोऽर्हत्. स्तुति–

या गोत्रं पालयत्येव सकलापायतः सदा।
श्री गोत्रदेवतारक्षां, सा करोतु नतांगिनाम्॥16॥

श्री शक्रादिसमस्त वैयावृत्यकर देवता आराधनार्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. एक नवकार. नमोऽर्हत्. स्तुति–

श्री शक्रप्रमुखा यक्षा, जिनशासनसंश्रिताः।
देवा देव्यस्तदन्येपि, संघं रक्षन्त्वपायतः॥17॥

श्री सिद्धायिका शासनदेवता आराधनार्थं करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. चार लोगस्स ऊपर एक नवकार का काउसग्ग कर पारकर नमोऽर्हत् कह कर स्तुति बोलें–

श्रीमद् विमानमारूढा यक्षमातंग संगता।
सा मां सिद्धायिका पातु, चक्रचापेषु धारिणी॥18॥

लोगस्स बोले। तीन नवकार हाथ जोड़कर बोले, फिर बैठकर बायां घुटना उँचा कर णमुत्थुणं. जावंति. खमा. जावंत. नमोऽर्हत् बोलकर यह स्तोत्र पढ़े–

ओम् परमेष्ठि नमस्कारं, सारं नवपदात्मकम्।
आत्मरक्षाकरं वज्रपंजराभं स्मराम्यहम्॥1॥
ओम् नमो अरिहंताणं, शिरस्कं शिरसि स्थितम्।
ओम् नमो सिद्धाणं, मुखे मुखपटं वरम्॥2॥
ओम् नमो आयरियाणं, अंगरक्षातिशायिनी।
ओम् नमो उवज्झायाणं, आयुधं हस्तयोर्दृढम्॥3॥
नमो लोएसव्वसाहूणं, मोचके पादयोः शुभे।
एसो पंचनमुक्कारो, शिला वज्रमयी तले॥4॥
सव्वपावप्पणासणो, वप्रो वज्रमयो बहिः।
मंगलाणं च सव्वेसिं, खादिरांगारखातिका॥5॥
स्वाहान्तं च पदं ज्ञेयं, पढमं हवइ मंगलं।
वप्रोपरि वज्रमयं, पिधानं देहरक्षणे॥6॥
महाप्रभावा रक्षेयं, क्षुद्रोपद्रवनाशिनी।
परमेष्ठिपदोद्भूता, कथिता पूर्वसूरिभिः॥7॥
यश्चैवं कुरुते रक्षां, परमेष्ठिपदैः सदा।
तस्य न स्याद्भयं व्याधि–राधिश्चापि कदाचन॥8॥

जयवीयराय बोलें।

खमा. इच्छा. संदि. भग. मुहपत्ति पडिलेहुं।

गुरू– **पडिलेहेह।** शिष्य– **इच्छं।** कहकर मुहपत्ति का पडिलेहण कर दो वांदणा दें।

खमा. **इच्छकारी भगवन् तुम्हे अम्हं श्री आवश्यक सुयखंधं उद्देसावणी नंदीकरावणी वासनिक्षेप करावणी देववंदावणी नंदीसूत्र संभलावणी काउसग्ग करावोजी।** गुरू– **करेह।** शिष्य– **इच्छं।**

खमा. **इच्छकारी भगवन् तुम्हे अम्हं श्री आवश्यक सुयखंधं उद्देसावणी नंदीकरावणी वासनिक्षेप करावणी देववंदावणी नंदीसूत्र**

संभलावणी करेमि काउसग्गं अन्नत्थ. कह कर एक लोगस्स सागरवरगंभीरा तक काउसग्ग करें। प्रकट लोगस्स कहें।

गुरू भी खमा. **इच्छकारी भगवन् तुम्हे अम्हं श्री आवश्यक सुयखंधं उद्देसावणी नंदीसूत्र कड्ढावणी काउसग्ग करूँ इच्छं खमा. इच्छकारी भगवन् तुम्हे अम्हं श्री आवश्यक सुयखंधं उद्देसावणी नंदीसूत्र कड्ढावणी करेमि काउसग्गं अन्नत्थ.** कह कर एक लोगस्स सागरवरगंभीरा तक काउसग्ग करें। प्रकट लोगस्स कहें।

खमा. **इच्छकारी भगवन् पसाय करी नंदी सूत्र संभलावोजी।**

गुरू– **सांभलो।**

